# सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय, मध्यप्रदेश

पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3, भोपाल- 462016

फोन-0755-2556916, ईमेल- dir.socialjustice@mp.gov.in


क्रमांक/I/320067/2025 भोपाल23-06-2025

प्रति,

**संयुक्त संचालक / उप संचालक**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण,

जिला - समस्त, मध्यप्रदेश

**विषय:- दिनांक 11/06/2025 को आयोजित वी.सी के कार्यवाही विवरण के संबंध में।**

--00--

दिनांक **11/06/2025** को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं/विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेसिंग में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. सर्वप्रथम विभाग की विडियो कॉन्फ्रेसिंग में निरंतर चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी निम्न शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया है। संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर, विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण कर निराकरण प्रतिवेदन संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

| क्र. | शि. क्र. | नाम | जिला | लंबित दिन | जिले द्वारा वी.सी.में दी गई जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19514834 | राजू सिंह | नरसिंहपुर | **967** | कलेक्टर महोदय के समक्ष नस्ती प्रस्तुत है। |
| 2 | 21234165 | जीतेन्द्र | ग्वालियर | **832** | क्रय आदेश जारी हो गया है। |
| 3 | 24227256 | शुभम | बैतूल | **638** | आवेदिका को राशि प्रदान की गई है अथवा नहीं इस संबंध में जानकारी अप्राप्त है। |
| 4 | 24278201 | नविन | छिन्दवाडा | **635** | 2 दिवस में प्रतिवेदन प्रेषित कर देगे। |

2. विभाग की **100** दिवस से लंबित शिकायतों के संबंध में जिलेवार चर्चा की गई एवं प्राथमिकता के आधार पर उक्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. समस्त जिला अधिकारियों को सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. समस्त जिला अधिकारियों/कर्मचारियों को आईगाट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन कर असाईन किये गये **5** कोर्स करने हेतु निर्देशित किया गया।

5. सभी जिलों को **E-office** के माध्यम से कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया एवं समस्त पत्राचार **E-office** के माध्यम से भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।
6. समस्त जिला अधिकारी को विभागांतर्गत शासकीय विभागीय मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाओं एवं डीडीआरसी की मासिक रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
7. मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिले के **06-18** वर्ष के दिव्यांग बच्चों को आपके जिले के महिला बाल विकास अधिकारियों को उनकी लिस्ट सत्यापन पश्चात भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।
8. विभागांतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थाओं में छात्र/छात्राओं की सुविधा एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने तथा भवन संधारण तथा पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया गया।
9. केन्द्रीय प्रवृतित योजना नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन (NAPDDR) स्कीम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का ''Distict Action Plan'' एवं इम्पीलिमेंटींग एजेन्सी का Zero Balance Subsidary Account खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया।
10. प्रदेश में नशामुक्ति के क्षेत्र में केन्द्रीय अनुदान से संचालित तथा गैर अनुदान प्राप्त आवासीय अशासकीय संस्थाओं का वर्ष- 2025 के प्रथम त्रिमास (माह जनवरी- मार्च) का गुणवत्ता आडिट रिपोर्ट/निरीक्षण विभागीय मोबाईल एप से कराकर आवश्यक रूप से संचालनालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
11. नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजन हेतु समस्त जिलो को योजना क्र.2245 अंतर्गत वर्ष-2019-20 से वर्ष-2023-24 तक प्रदाय राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला- **खरगोन** से अप्राप्त है ।
12. विभागीय पोर्टल पर आनबोर्डिग हेतु नशामुक्ति से संबंधित शेष संस्थाओं को आनबोर्ड करने एवं मासिक रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया।
13. वर्तमान में नशामुक्ति से संबंधित लंबित **16** संस्थाओं **07** दिवस के अंदर अनिवार्यत: ऑनबोर्ड कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
14. दिनांक **01** से **26** जून **2025** तक नशामुक्ति माह के अवसर पर **NMBA** मोबाईल एप /वेबलिंक के संबंध में समीक्षा उपरांत पाया गया कि जिला दतिया द्वारा **1720** एवं जिला जबलपुर द्वार **1696** गतिविधियाँ दर्ज की गई जिस पर दोनों जिलों की पूरी टीम को बधाई दी गई एवं **18** जिले (**क्रमश:- अलीराजपुर, अनूपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर, दमोह, डिंडोरी, गुना, होशंगाबाद, कटनी, मउगंज, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, शहडोल, श्योपुर एवं शिवपुरी**) द्वारा शून्य गतिविधियाँ दर्ज कि गई तथा **27** जिले (**क्रमश:- पांढुर्णा, भोपाल, राजगढ,बडवानी, सीधी,**

**मंदसौर,नीमच, उज्जैन, रायसेन, सागर, मुरैना, शाजापुर, आगर मालवा, झाबुआ, टीकमगढ, धार, सिवनी, इंदौर, ईस्ट निमाड, पन्ना, मंडला, उमरिया, भिण्ड, छतरपुर, खरगौन, सिंगरौली एवं ग्वालियर)** द्वारा **50** से कम गतिविधियां दर्ज की गई है जो कि अत्यंत खेदजनक है। समस्त आयोजित गतिविधियों को **अनिवार्यत:** NMBA मोबाईल एप /वेबलिंक पर दर्ज कराना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

15. प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित वरिष्ठ आश्रमों के गेप जिले एवं इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों के वित्तीय वर्ष **2025-26** के केन्द्रीय अनुदान प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।
16. राज्य निराश्रित निधि से प्रदाय अनुदान राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
17. **15** जून अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार अवेयरनेस दिवस का आयोजन प्रदेश स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया।
18. उभयलिंगी व्यक्तियों के पहचान पत्र एवं पहचान प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**VISHWAJEET JHARIA**
**JOINT DIRECTOR**
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन
सशक्तिकरण म.प्र

**पृ.क्रं/I/320067/2025** भोपाल,**23-06-2025**

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र की ओर सूचनार्थ।
4. समस्त संयुक्त/उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र की ओर सूचनार्थ एवं विभागीय अपडेट जानकारी के साथ वी.सी में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।
5. समस्त अनुभाग प्रभारी संचालनालय की ओर सूचनार्थ एवं उपस्थित रहने बावत्।
6. वरिष्ठ तकनीकी संचालक, एनआईसी मध्यप्रदेश। कृपया संचालनालय से वी.सी में उपस्थित जुडने हेतु वी.सी लिंक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

7. समस्त जिला समन्वयक, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, जिले की जानकारी सहित वी.सी में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

8. समस्त सामाजिक सुरक्षा अधिकारी/समग्र संयोजक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र की ओर विभागीय अपडेट जानकारी के साथ वी.सी में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।

9. भंडारी (मुख्यालय) को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में आवश्यक व्यवस्था हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

VISHWAJEET JHARIA

JOINT DIRECTOR

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन

सशक्तिकरण म.प्र

Digitally signed by
Deepak Kumar Chourse
Date: 23-06-2025
13:41:57